(5) मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा उत्तर प्रदेश (लोक सेवा आयोग के क्षेत्रान्तर्गत पदों पर) तदर्थ नियुक्तियों का विनियमितीकरण नियमावली-1979 तथा उत्तर प्रदेश (लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर के पदों पर) तदर्थ नियुक्तियों का विनियमितीकरण (द्वितीय संशोधन) नियमावली-1989 को अपने संज्ञान में लेकर ही "Direct Recruit Class II Engineering Officers' Association" में पारित पूर्व निर्णय में प्रतिपादित सिद्धान्त के आधार पर तदर्थ सेवा की गणना, ज्येष्ठता के निर्धारण में लिये जाने का निर्णय आदेश दिनांक 07-4-2015 द्वारा प्रदान किया गया है। अत: इस संबंध में प्राप्त आपत्तियां तथ्यहीन/ आधारहीन होने के कारण अस्वीकार किया जाता है।

(6) ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में तदर्थ रूप से पूर्व में नियुक्त कतिपय अभियन्ताओं के लोक सेवा आयोग की चयन प्रक्रिया में सफल होने के उपरान्त उनके मौलिक रूप से नियुक्त

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

हो जाने की स्थिति में विनियमितीकरण नियमावली के अधीन उनका विनियमितीकरण किये जाने का अवसर विद्यमान नहीं था। ऐसे तदर्थ रूप से नियुक्त सहायक अभियंता, जो लोक सेवा आयोग की चयन प्रक्रिया में सफल नहीं हुये अथवा लोक सेवा आयोग की चयन प्रक्रिया में प्रतिभाग नहीं किये थे, उनका विनियमितीकरण नियमावली के अधीन विनियमितीकरण किया गया।

उक्त वर्णित स्थिति में मा0 उच्चतम न्यायालय के आदेश दिनांक 07-4-2015 के समादर में तदर्थ रूप से नियुक्त सहायक अभियन्ता, जो विभाग में अनवरत कार्य करते रहे और उन्हें विनियमित किया गया अथवा वे जो लोक सेवा आयोग की चयन प्रक्रिया/परीक्षा में चयनित होने के उपरान्त विभाग में बने रहे, उनको तदर्थ नियुक्ति की तिथि से ज्येष्ठता प्रदान किया गया है। अत: इस संबंध में प्राप्त आपत्तियां तथ्यहीन/ आधारहीन होने के कारण अस्वीकार किया जाता है।

(7) उपर्युक्त बिन्दु संख्या-2 एवं 3 में उल्लिखित तथ्यों के अनुसार मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 07-4-2015 में समस्त संगत नियमावलियों का संज्ञान लेते हुए ही तदर्थ नियुक्ति की तिथि से ज्येष्ठता निर्धारित किये जाने के आदेश प्रदान किये गये हैं। अत: मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश/प्रतिपादित सिद्धान्त के आधार पर की गयी कार्यवाही सर्वथा विधि सम्मत है। इस संबंध में प्राप्त आपत्तियों में उल्लिखित तथ्य आधारहीन होने के कारण स्वीकार योग्य नहीं है।

(8) वर्ष 1985 में तदर्थ रूप से नियुक्त सहायक अभियन्ताओं में से अनन्तिम ज्येष्ठता सूची के क्रमांक-184, 190, 204, 208, 211 एवं 249 पर अवस्थित सर्वश्री- ब्रजेन्द्र कुमार, सुरेश चन्द्र, खुश्तर जलीस अहमद, विपिन कुमार सिंह गौर, प्रेम दत्त सारस्वत और श्री जगदीश प्रसाद वर्मा लोक सेवा आयोग से चयनित होने के फलस्वरूप दिनांक 23-02-1989 को नियमित/मौलिक नियुक्ति पा चुके थे, जबकि उक्त अभियंताओं के अतिरिक्त शेष तदर्थ रूप से नियुक्त सहायक अभियंताओं का विनियमितीकरण दिनांक 14-12-1989 एवं बाद की तिथियों में किया गया था। इस प्रकार लोक सेवा आयोग से चयन के उपरान्त नियमित/मौलिक नियुक्ति पा चुके उक्त अभियंताओं का अलग से विनियमितीकरण आदेश जारी करने की आवश्यकता नहीं थी। अत: मा0 उच्चतम न्यायालय के निर्णय दिनांक 07-4-2015 के समादर में उक्त अभियन्ताओं को उनकी तदर्थ नियुक्ति की तिथि से संलग्न अन्तिम ज्येष्ठता सूची में स्थान दिया गया है।

उपर्युक्त बिन्दु संख्या-2, 3 एवं 7 में उल्लिखित तथ्यों के अनुसार मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 07-4-2015 में समस्त संगत नियमावलियों का संज्ञान लेते हुए ही तदर्थ रूप से नियुक्ति की तिथि से अनवरत सेवा प्रदान किये जाने एवं इसी आधार पर बाद में विनियमित हुए कर्मचारियों को तदर्थ नियुक्ति की तिथि से ज्येष्ठता निर्धारित किये जाने के सिद्धान्त प्रतिपादित किये गये हैं। अत: मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश/प्रतिपादित सिद्धान्त के आधार पर की गयी कार्यवाही सर्वथा विधि सम्मत है। अत: इस संबंध में प्राप्त आपत्तियों में उल्लिखित तथ्य आधारहीन होने के कारण स्वीकार योग्य नहीं है।

(9) मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा अपने आदेश दिनांक 07-4-2015 में प्रभावित पक्षों की आपत्तियां प्राप्त कर तदर्थ रूप से नियुक्ति की तिथि से ज्येष्ठता का पुनर्निर्धारण किये

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

जाने हेतु पारित निर्णय के अनुपालन में विभाग के सहायक अभियंताओं की एक ज्येष्ठता सूची के विद्यमान रहते हुए दूसरी ज्येष्ठता सूची तब तक नहीं जारी की जा सकती, जब तक कि पहली ज्येष्ठता सूची निरस्त नहीं कर दी जाती। वर्णित स्थिति में ही ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के सहायक अभियंता (सिविल) संवर्ग की पूर्व ज्येष्ठता सूची दिनांक 14-12-2001 एवं 15-6-2012 निरस्त करते हुए तदर्थ रूप से नियुक्ति की तिथि से ज्येष्ठता पुनर्निधारित किये जाने हेतु लिये गये निर्णय के अनुक्रम में तदनुसार कार्यालय ज्ञाप दिनांक 31-12-2015 द्वारा अनन्तिम ज्येष्ठता सूची जारी करते हुए प्रभावित पक्षों की आपत्तियां प्राप्त कर उसका निस्तारण किया गया है। अत: इस संबंध में प्राप्त आपत्तियां तथ्यहीन/आधारहीन होने के कारण अस्वीकार किया जाता है।

(10) मा0 उच्चतम न्यायालय के विषयगत निर्णय दिनांक 07-4-2015 द्वारा "Direct Recruit Class II Engineering Officers' Association" में मा0 उच्चतम न्यायालय के Observations के आधार पर ऐसी तदर्थ नियुक्ति जो नियुक्ति के पश्चात विनियमितीकरण की तिथि तक लगातार बनी हुई है, उसे ज्येष्ठता में आगणित किये जाने का सिद्धान्त प्रतिपादित किया है।

उपर्युक्त् के अतिरिक्त मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा अपने निर्णयादेश दिनांक 7-4-2015 के प्रस्तर-16 में एक अन्य याचिका "Rudra Kumar Sain & Ors. Vs Union of India & Ors. " में सेवा में प्रयुक्त किये जाने वाले ad hoc/fortuitous/ stopgap, इन शब्दों को उल्लिखित करते हुए उप प्रस्तर-20 में निम्नवत Observations का उल्लेख किया है:-

20. In service jurisprudence, a person who possesses the requisite qualification for being appointed to a particular post and then he is appointed with the approval and consultation of the appropriate authority and continues in the post for a fairly long period, then such an appointment cannot be held to be "stopgap or fortuitous or purely ad hoc". In this view of the matter, the reasoning and basis on which the appointment of the promotees in the Delhi Higher Judicial Service in the case in hand was held by the High Court to be "fortuitous/ad hoc/ stopgap" are wholly erroneous and, therefore, exclusion of those appointees to have their continuous length of service for seniority is erroneous."

उपर्युक्त निर्णयों को संज्ञान में लेते हुए मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में तदर्थ रूप से नियुक्त सहायक अभियंताओं के संबंध में अपने निर्णय दिनांक 7-4-2015 के द्वारा तदर्थ नियुक्ति की तिथि को initial date of appointment मानते हुये तदर्थ सेवा की गणना ज्येष्ठता में किये जाने के निर्देश पारित किये गये हैं और सभी प्रभावित कार्मिकों को सुनने के बाद ज्येष्ठता का पुनर्निर्धारण किये जाने के आदेश पारित किये गये हैं।

मा0 उच्चतम न्यायालय के समक्ष योजित सिविल अपील संख्या-3349/2015 (एस0एल0पी0(सिविल) संख्या-8330/2005) में मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा दिनांक 07-4-2015 को पारित निर्णय/आदेश को ही विशेष अनुज्ञा याचिका संख्या-2075/2006 एस0के0 सिंह एवं अन्य बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य, रिट याचिका संख्या-489/2005 एन0के0 श्रीवास्तव बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य तथा विशेष अनुज्ञा याचिका संख्या-11832/2006, विशेष अनुज्ञा याचिका सी.सी. संख्या-2640/2005 में दिनांक 26-10-2015 को पारित निर्णय द्वारा लागू किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

इस प्रकार मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा दिनांक 07-4-2015 को पारित निर्णय में तदर्थ सेवा को ज्येष्ठता की गणना किये जाने एवं तदनुसार ज्येष्ठता का पुनर्निर्धारण किये जाने को 'सिद्धान्त' के रूप में प्रतिपादित किया गया है। वर्णित स्थिति में मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा दिनांक 07-4-2015 एवं 26-10-2015 को पारित निर्णयों के समादर में तदनुसार ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में तदर्थ रूप से नियुक्त सहायक अभियंताओं को तदर्थ रूप से नियुक्ति की तिथि से ज्येष्ठता पुनर्निधारित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

उपर्युक्त के अतिरिक्त यह भी उल्लेख किया जाना है कि विषयगत प्रकरण में मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा दिनांक 07-4-2015 को पारित निर्णय में "Redetermination the seniority after hearing affected parties" हेतु दिये गये आदेश एवं पूर्वोक्त प्रस्तर-2 में मान0 उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रश्नगत विशेष अनुज्ञा याचिकाओं तथा रिट याचिका में पारित आदेश दिनांक 26-10-2015 व पूर्वोक्त प्रस्तर-11 एवं 12 में अंकित मा0 उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुसार भी ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में याची श्री नरेन्द्र कुमार त्रिपाठी के समान तदर्थ रूप से नियुक्त समस्त अभियंताओं की ज्येष्ठता पुनर्निर्धारित किये जाने के उद्देश्य से विभाग की पूर्व प्रख्यापित ज्येष्ठता सूची दिनांक 14-12-2001 को निरस्त करते हुए तदर्थ नियुक्ति की तिथि से ज्येष्ठता निर्धारित कर कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 31-12-2015 द्वारा अनन्तिम ज्येष्ठता सूची जारी कर नियमानुसार सभी प्रभावित पक्षों की आपत्तियां आमंत्रित की गयीं।

उपरोक्तानुसार वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मा0 उच्चतम न्यायालय के आदेश दिनांक 07-4-2015 के समादर में सभी प्रभावित पक्षों की आपत्तियां प्राप्त कर ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के सहायक अभियंताओं की ज्येष्ठता पुनर्निर्धारित की जा रही है। अतएव इस बिन्दु के संबंध में प्राप्त आपत्ति बलहीन पाते हुए अस्वीकार किया जाता है।

श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव द्वारा पत्र दिनांक 14-1-2016 के माध्यम से अनन्तिम ज्येष्ठता सूची से सम्बन्धित कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 31-12-2015 के परिप्रेक्ष्य में अपनी आपत्ति प्रस्तुत किये जाने हेतु 15 दिवस का अतिरिक्त समय प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया था, परन्तु पर्याप्त समय प्रदान किये जाने के बावजूद उनके द्वारा अभी तक कोई आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गयी है।

श्री रवीन्द्र सिंह गंगवार द्वारा कतिपय रिट याचिकाओं का उल्लेख करते हुये तदर्थ रूप से नियुक्त सहायक अभियंता, श्री महमूद इलाही, श्री चन्द्र भूषण एवं श्री माधव सक्सेना से अपना नाम ज्येष्ठता सूची में ऊपर निर्धारित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में स्पष्ट किया जाना हे कि पूर्ववत प्रस्तर-1, 2 एवं 12 तथा 13 में उल्लिखित तथ्यों के अनुसार मा0 उच्चतम न्यायालय के आदेश दिनांक 07-4-2015, 26-10-2015 एवं मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 08-5-2015 एवं 28-7-2015 के समादर में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अन्तर्गत समस्त तदर्थ रूप से नियुक्त सहायक अभियंताओं की ज्येष्ठता उनकी तदर्थ नियुक्ति की तिथि से पुनर्निर्धारित किये जाने का निर्णय लेते हुये समस्त वांछित कार्यवाही की जा रही है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

अतएव श्री गंगवार द्वारा प्रस्तुत की गयी आपत्ति बलहीन होने के कारण स्वीकार योग्य नहीं है।

(घ) इस वर्ग में ऐसे सहायक अभियंताओं की आपत्तियों को सम्मिलित किया गया है, जिनके द्वारा दिनांक 31-12-2015 को निर्गत अनन्तिम ज्येष्ठता सूची में जन्मतिथि, वरिष्ठता क्रमांक, गृह जनपद, शैक्षिक योग्यता अथवा नाम इत्यादि का अंकन त्रुटिपूर्ण हो जाने एवं नाम छूट जाने का उल्लेख करते हुए उसे सही किये जाने/जोड़े जाने का अनुरोध किया गया है। इस संबंध में एक समान आपत्तिकर्ताओं की आपत्तियों का निस्तारण क्रमवार निम्नवत किया जाता है:-

(1) श्री विजय कुमार (से0नि0), श्री अजय कुमार आनन्द(से0नि0), श्री शिव प्रकाश पाण्डेय, श्री पंकज राय, श्री जय बहादुर सिंह एवं श्री चन्द्रवीर सहायक अभियंता, जो विद्युत/यांत्रिक शाखा के सहायक अभियंता हैं, के द्वारा अपना नाम उक्त दिनांक 31-12-2015 को निर्गत अनन्तिम ज्येष्ठता सूची में सम्मिलित न किये जाने पर आपत्ति व्यक्त करते हुए सिविल संवर्ग के सहायक अभियंताओं के साथ ही विद्युत/यांत्रिक संवर्ग के सहायक अभियंताओं की सम्मिलित/संयुक्त ज्येष्ठता सूची निर्गत किये जाने का अनुरोध किया गया है।

इस सम्बन्ध में उल्लेख किया जाना है कि कार्य की प्रकृति अलग-अलग होने तथा अलग विषय की विशिष्ट योग्यता होने के दृष्टिगत ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के (विद्युत/यांत्रिक) संवर्ग के सहायक अभियंताओं की सिविल संवर्ग से अलग ज्येष्ठता सूची निर्गत करते हुए उन्हें कम से कम दो उच्च स्तर तक पदोन्नति के अवसर प्रदान किये जाने हेतु पृथक से विचार किया जा रहा है। इसी सम्बन्ध में यह भी उल्लेख करना है कि शासन के आदेश (कार्यालय ज्ञाप संख्या-2202/92-2012-180आरईएस/2011) दिनांक 29 अगस्त, 2012 द्वारा सहायक अभियंता (विद्युत/यांत्रिक) संवर्ग की अनन्तिम ज्येष्ठता सूची पूर्व में प्रख्यापित की गयी थी, जिसे नवीन परिदृष्य में बाद में नियुक्त सहायक अभियंता (विद्युत/यांत्रिक) को सम्मिलित करते हुए पृथक से पुनर्निर्धारित किया जाना विचाराधीन है। इस प्रकार इन कारणों से विद्युत/यांत्रिक संवर्ग के सहायक अभियंताओं को सिविल संवर्ग में सम्मिलित करते हुए संयुक्त ज्येष्ठता सूची बनाये जाने के संबंध में की गयी आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं है।

(2) श्री जियाउररहमान खॉ एवं श्री राकेश कुमार जैन, सहायक अभियंतागण द्वारा यह अवगत कराते हुए अपना नाम अनन्तिम ज्येष्ठता सूची के क्रमांक-277 के बाद तथा 278 के पहले स्थापित किये जाने का अनुरोध किया गया है कि लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक अभियंता के पद पर प्रोन्नत करते हुए चयन वर्ष 1993-94 अर्थात 01 जुलाई, 1993 आवंटित की गयी थी, जबकि शासन द्वारा प्रथम नियुक्ति की तिथि 27-5-2000 मानते हुए अनन्तिम ज्येष्ठता सूची के क्रमांक-305 पर उनका नाम स्थापित किया गया है।

इस संबंध में उल्लेख किया जाना है कि उत्तर प्रदेश सरकारी सेवकों की ज्येष्ठता नियमावली-1991 के सुसंगत प्राविधानो/उपबंधो के आधार पर पूर्व में निर्गत ज्येष्ठता सूची दिनांक 14-12-2001 में यह मत स्थिर किया गया था कि पदोन्नति कोटे के सहायक अभियंताओं को चयन वर्ष आवंटित करने का तात्पर्य ज्येष्ठता के परिप्रेक्ष्य में नहीं होता, बल्कि इस उद्देश्य से होता है कि नियुक्ति पाने वाले व्यक्ति के संबंध में यह स्पष्ट हो सके कि यह नियुक्ति किस चयन वर्ष की रिक्ति के विरूद्ध की गयी है, ताकि रिक्तियों का

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

सही लेखा-जोखा रखा जा सके। अत: श्री जियाउर रहमान खां एवं श्री राकेश कुमार जैन सहायक अभियंता को उनकी मौलिक नियुक्ति की तिथि से ज्येष्ठता प्रदान की गयी है, जो नियमानुसार उचित है एवं इस संबंध में श्री खां एवं श्री जैन द्वारा उठायी गयी आपत्ति निराधार है।

(3) श्री बाबूराम साहू, सहायक अभियंता द्वारा ज्येष्ठता नियमावली 1991 के भाग-2 के बिन्दु-7 के अनुसार "नियुक्तियां एक से अधिक पोषक संवर्गों से केवल पदोन्नति द्वारा की जानी हो तथा पोषक संवर्ग के वेतनमान भिन्न हो, तो उच्चतर वेतनमान वाले पोषक संवर्ग से पदोन्नत व्यक्ति, निम्नतर वेतनमान वाले पोषक संवर्ग से पदोन्नत व्यक्तियों से ज्येष्ठ होंगे," का उल्लेख करते हुये कहा गया है कि उक्त प्राविधान के दृष्टिगत शासन के आदेश दिनांक 27-5-2000 के माध्यम से डिग्रीधारी कोटा के अन्तर्गत 02 संगणकों एवं 12 अवर अभियंताओं की पदोन्नति सहायक अभियंता के पद पर की गयी थी, उन्हें ज्येष्ठता सूची में संगणक से पदोन्नत सहायक अभियंताओं को क्रमश: प्रस्तावित क्रम सं0-296 तथा 308 पर रखा गया है, जबकि अवर अभियंताओं से पदोन्नत सहायक अभियंताओ को क्रमश: क्रम संख्या-297 से 307 तक एवं क्रमांक-309 पर रखा गया है। चूँकि अवर अभियंता (वेतनमान 4500-7000) से संगणक (वेतनमान 5000-8000) का पद उच्च वेतन प्रक्रम का है। अत- उक्त चयन में संगणक से पदोन्नत सहायक अभियंताओं को ज्येष्ठता में ऊपर रखने के बाद अवर अभियंताओं से पदोन्नत सहायक अभियंताओं को रखना चाहिए था, जो नहीं किया गया है। उ0प्र0 सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली 1991 के बिन्दु-9 (3) में यह प्राविधान किया गया है कि यदि एक ही चयन वर्ष में नियुक्तियां सीधी भर्ती एवं पदोन्नति दोनो प्रकार से की जाये, वहां पर पदोन्नति से नियुक्त अभ्यर्थी, सीधी भर्ती से नियुक्त अभ्यर्थी से ज्येष्ठता में ऊपर स्थान पायेंगे। चयन वर्ष 1999-2000 के लिए लोक सेवा आयोग से सीधी भर्ती के 02 अभ्यर्थी श्री ईशम सिंह एवं श्री रविकान्त वर्मा की नियुक्ति माह मार्च, 2000 में की गयी तथा डिग्री कोटे के अन्तर्गत प्रोन्नत सहायक अभियंताओं की नियुक्ति लोक सेवा आयोग की संस्तुति के उपरान्त आदेश की प्रख्यापित तिथि के अनुसार माह मई, 2000 में की गयी। चूँकि दोनो नियुक्तियां एक ही चयन वर्ष 1999-2000 में की गयी। अत: माह मई, 2000 में पदोन्नति से नियुक्त सहायक अभियंताओं को माह मार्च, 2000 में नियुक्त सीधी भर्ती के नियुक्त सहायक अभियंताओं से ज्येष्ठता में ऊपर रखा जाना चाहिए था, जिसका पालन नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त दिनांक 12-01-1994 में अन्य विभाग अर्थात विश्व बैंक परियोजना से आये सहायक अभियंताओं को इनके ऊपर न रखते हुए नीचे रखा जाना चाहिए था।

इस संबंध में उल्लेख किया जाना है कि उ0प्र0 ग्रामीण अभियंत्रण (समूह-ख) सेवा (प्रथम संशोधन) नियमावली-1999 (अधिसूचना) दिनांक 28-01-2000 में निहित प्राविधानों के आधार पर अन्य अवर अभियन्ताओं एवं संगणक के साथ श्री बाबू राम साहू, संगणक की सहायक अभियंता (सिविल) के डिग्री कोटे के अन्तर्गत रिक्त पदों पर लोक सेवा आयोग, उ0प्र0 की संस्तुति के क्रम में आदेश दिनांक 27-5-2000 द्वारा प्रोन्नति की गयी थी। उक्त चयन में पदोन्नति का मापदण्ड 'श्रेष्ठता' निर्धारित था और चयन वर्ष 1984-85 से वर्ष 1998-99 तक की रिक्तियों के लिए चयन/पदोन्नति की कार्यवाही की गयी थी। लोक सेवा आयोग, उ0प्र, इलाहाबाद द्वारा चयन वर्षवार जिस

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

श्रेष्ठता क्रम में डिग्री कोटे के अन्तर्गत अवर अभियंताओं/संगणकों की पदोन्नति की गयी थी, श्री बाबू राम साहू से अन्य संगणक एवं अवर अभियंताओं के नाम उसी क्रम में पदोन्नति आदेश दिनांक 27-5-2000 में रखे गये थे, तदनुसार ही इनकी ज्येष्ठता पूर्व में सहायक अभियंता (सिविल) संवर्ग की अन्तिम ज्येष्ठता सूची दिनांक 14-12-2001 में भी निर्धारित की गयी थी। वर्तमान में श्री बाबू राम साहू की ज्येष्ठता लोक सेवा आयोग, उ0प्र0, इलाहाबाद द्वारा संस्तुत श्रेष्ठता क्रम में अवधारित की गयी है, अत: उच्च वेतनमान के आधार पर उन्हें वर्ष 2000 में पदोन्नत अन्य अवर अभियंताओं से ऊपर रखे जाने तथा इसी आधार पर ज्येष्ठता सूची में उच्च स्थान प्रदान किये जाने विषयक श्री बाबू राम साहू की आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं है।

उ0प्र0 सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली, 1991 के प्राविधानों के अनुसार ज्येष्ठता मौलिक नियुक्ति की तिथि से अवधारित किये जाने की व्यवस्था है। चयन वर्ष से ज्येष्ठता अवधारित किये जाने का कोई नियम नहीं है। उक्त प्राविधानों के अनुसार ही श्री बाबू राम साहू की मौलिक नियुक्ति की तिथि से उनकी ज्येष्ठता अवधारित की गयी है। अत: विश्व बैंक परियोजना से ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में सहायक अभियंता (सिविल) के पद पर समायोजित एवं वर्ष 2000 में सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्त सहायक अभियंताओं के मौलिक नियुक्ति की तिथि, श्री साहू से पूर्व के होने के कारण उनके ज्येष्ठता क्रमांक से ऊपर श्री साहू की ज्येष्ठता अवधारित किये जाने विषयक उनकी आपत्ति भी स्वीकार योग्य नहीं है।

(4) श्री राजित राम, सहायक अभियंता, द्वारा अपनी आपत्ति में मुख्य रूप से यह उल्लेख किया गया है कि उनकी नियमित पदोन्नति डिग्री कोटे के अन्तर्गत पोषक संवर्ग संगणक से सहायक अभियंता के पद पर चयन वर्ष 1986-87 की रिक्ति के सापेक्ष की गयी है। सहायक अभियंता पद पर पदोन्नति हेतु निर्धारित पोषक संवर्ग संगणक एवं अवर अभियंन्ता होने तथा तुलनात्मक रूप से संगणक का वेतनमान अवर अभियंता की अपेक्षा अधिक होने के तथ्य का उल्लेख करते हुए उ0प्र0 सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली-1991 के प्रस्तर-7 में उल्लिखित प्राविधानों के दृष्टिगत चयन वर्ष 1992-93 के सापेक्ष दिनांक 19-1-1993 को नियमित हुए डिग्री कोटे के श्री मो0 इरफान, जिन्हें अनन्तिम ज्येष्ठता सूची के क्रमांक-87 पर रखा गया है, के ऊपर क्रमांक-86 पर रखे जाने का अनुरोध किया गया है।

इस संबंध में उल्लेख किया जाना है कि उ0प्र0 सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली, 1991 के प्राविधानों के अनुसार मौलिक नियुक्ति की तिथि से ज्येष्ठता अवधारित किये जाने की व्यवस्था है। कार्मिक विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-13/2/84-का-1/97, दिनांक 23-8-1997 के प्राविधानों के अनुसार भी रिक्ति की तिथि से पदोन्नत किये जाने की कोई व्यवस्था नहीं है। स्पष्ट है कि चयन वर्ष से ज्येष्ठता प्रदान किये जाने का कोई नियम नहीं है। दूसरी ओर तदर्थ रूप से नियुक्त एवं कालान्तर में विनियमित कार्मिकों की ज्येष्ठता मा0 उच्चतम न्यायालय के आदेश दिनांक 07-4-2015 के अनुपालन में उनकी तदर्थ नियुक्ति की तिथि से अवधारित किया जाना है। तदनुसार ही श्री राजित राम की ज्येष्ठता उनकी पदोन्नति विषयक आदेश दिनांक 27-5-2000 को प्रभावी सेवा नियमों के अनुसार मौलिक नियुक्ति की तिथि के आधार पर अवधारित की

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

गयी है, जबकि श्री इरफान की ज्येष्ठता मा0 उच्चतम न्यायालय के आदेश दिनांक 07-4-2015 के अनुपालन में पुनर्निधारित की गयी है। अत: श्री इरफान से ऊपर ज्येष्ठता क्रमांक-86 पर श्री राजित राम का नाम प्रतिस्थापित किये जाने विषयक उनकी आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं है।

(5) श्री शिव शंकर द्वारा रिट याचिका संख्या-1453(एस/बी)/2012 में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में शासन के आदेश दिनांक 17-2-2014 द्वारा अपना नाम श्री जवाहर सिंह (पूर्व आवंटित ज्येष्ठता क्रमांक-301) के नीचे एवं परवेज अख्तर (पूर्व आवंटित ज्येष्ठता क्रमांक-302) के ऊपर अर्थात 301 (ए) पर रखा गया था। उसी के अनुरूप प्रस्तावित ज्येष्ठता सूची में श्री जवाहर सिंह के नीचे एवं श्री परवेज अख्तर के ऊपर व्यवस्थित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

इस संबंध में उल्लेख किया जाना है कि श्री शिव शंकर द्वारा मा0 उच्च न्यायालय में योजित रिट याचिका संख्या-2295(एस/एस)/2000 में पारित मा0 उच्चतम न्यायालय के अन्तरिम आदेशों दिनांक 17-5-2001 एवं 25-5-2001 तथा रिट याचिका संख्या-1453(एस/बी)/2012 में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 11-10-2012 के क्रम में शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-746/92-2014-52(जॉच)/2012, दिनांक 17-2-2014 द्वारा सहायक अभियंताओं (सिविल) संवर्ग की पूर्व में निर्गत ज्येष्ठता सूची दिनांक 14-12-2001 में श्री शिव शंकर, सहायक अभियंता की ज्येष्ठता श्री जवाहर सिंह (पूर्व आवंटित ज्येष्ठता क्रमांक-301) के नीचे एवं परवेज अख्तर (पूर्व आवंटित ज्येष्ठता क्रमांक-302) के ऊपर अर्थात 301 (ए) के ऊपर रखे जाने का आदेश, रिट याचिका संख्या-2295(एस/एस)/2000 में पारित होने वाले मा0 उच्च न्यायालय, लखनऊ बेंच लखनऊ के अन्तिम निर्णय के अधीन किया गया था।

अत: इस संबंध में श्री शिव शंकर द्वारा की गयी आपत्ति के परिप्रेक्ष्य में उपलब्ध अभिलेखों के परीक्षणोपरान्त रिट याचिका संख्या-2295 (एस/एस)/2000 में पारित होने वाले मा0 उच्च न्यायालय, लखनऊ बेंच लखनऊ के अन्तिम निर्णय के अधीन अन्तिम ज्येष्ठता सूची में श्री शिव शंकर की ज्येष्ठता श्री जवाहर सिंह (ज्येष्ठता क्रमांक-309) के नीचे एवं श्री परवेज अख्तर (ज्येष्ठता क्रमांक-310) के ऊपर अवस्थित किया जाना होगा। वर्णित स्थिति में श्री शिव शंकर को श्री जवाहर सिंह (ज्येष्ठता क्रमांक-309) के नीचे श्री परवेज अख्तर के ऊपर ज्येष्ठता क्रमांक-310 पर रखते हुए क्रमश: श्री परवेज अख्तर को ज्येष्ठता क्रमांक-311, श्री राजेन्द्र सिंह को ज्येष्ठता क्रमांक-312 एवं श्री बृजेन्द्र कुमार (सेवानिवृत्त) को ज्येष्ठता क्रमांक-313 पर अवस्थित किया जा रहा है।

उक्त के अतिरिक्त श्री शिव शंकर द्वारा अपना नाम शिव शंकर उपाध्याय के स्थान पर शिव शंकर किये जाने हेतु किये गये अनुरोध के अनुक्रम में उनके सेवा सम्बन्धी अभिलेखों के परीक्षणोपरान्त टंकण त्रुटि पाते हुये संलग्न ज्येष्ठता सूची में उनका नाम श्री शिव शंकर उपाध्याय के स्थान पर श्री शिव शंकर तथा भर्ती के स्रोत "पदोन्नति" के स्थान पर लोक सेवा आयोग (डिग्री कोटा) अंकित कर दिया गया है।

शैक्षिक योग्यता डिप्लोमा के स्थान पर ए0एम0आई0ई0 अंकित किये जाने हेतु किये गये अनुरोध के अनुक्रम में स्पष्ट किया जाना है कि श्री शिव शंकर द्वारा प्राप्त की

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

गयी ए0एम0आई0ई0 की डिग्री की प्रमाणिकता किये जाने के उपरान्त उनकी शैक्षिक योग्यता में परिवर्धन कर दिया जायेगा।

(6) श्री त्रियुगी नारायण सिंह एवं श्री मुनेश पाल सिंह द्वारा क्रमश: क्रमांक-284 एवं 298 पर अंकित अपना नाम सही किये जाने का अनुरोध किया गया है।

इस संबंध में उल्लेख किया जाना है कि सेवा सम्बन्धी अभिलेखों के परीक्षणोपरान्त श्री त्रियुगी नारायण सिंह श्री मुनेश पाल सिंह द्वारा की गयी आपत्ति की पुष्टि होने के फलस्वरूप उनके नाम में हुए टंकण त्रुटि का निराकरण कर यथा स्थान संशोधन कर दिया गया है।

(7) श्री अशोक द्वारा क्रमांक-299 पर अंकित "पिछड़ी जाति" के स्थान पर "सामान्य वर्ग" उल्लिखित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

इस संबंध में उल्लेख किया जाना है कि श्री अशोक द्वारा प्रस्तुत की गयी आपत्ति की लोक सेवा आयोग से पदोन्नति विषयक चयन सूची से पुष्टि किये जाने के उपरान्त संलग्नक ज्येष्ठता सूची में यथा स्थान 'पिछड़ी जाति' के स्थान पर 'सामान्य वर्ग' अंकित कर दिया गया है।

(8) श्री देवेन्द्र बाल्यान द्वारा लोक सेवा आयोग के माध्यम से आरक्षित विकलांग श्रेणी के अन्तर्गत चयनित होने के कारण ज्येष्ठता सूची में 'पिछड़े वर्ग' के स्थान पर 'विकलांग श्रेणी' के अन्तर्गत रखे जाने का अनुरोध किया गया है।

इस संबंध में उल्लेख किया जाना है कि लोक सेवा आयोग, उ0प्र0 इलाहाबाद द्वारा प्रेषित श्री देवेन्द्र बाल्यान की सहायक अभियंता के पद पर चयन से सम्बन्धित अभिलेखों एवं श्रेष्ठता सूची से पुष्टि किये जाने के उपरान्त संलग्न ज्येष्ठता सूची में उनके नाम के सम्मुख यथा स्थान 'पिछड़े वर्ग' के स्थान पर 'विकलांग श्रेणी' अंकित कर दिया गया है।

(9) श्री बाल कृष्ण द्वारा अपना गृह जनपद अलीगढ़ के स्थान पर महामायानगर (हाथरस) किये जाने विषयक शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6606/62-3-2005-150आरईएस/2005, दिनांक 16-12-2005 की छायाप्रति साक्ष्य के रूप में संलग्न करते हुए अपना गृह जनपद-महामायानगर (हाथरस) किये जाने का अनुरोध किया गया है।

इस संबंध में उल्लेख किया जाना है कि श्री बाल कृष्ण द्वारा किये गये अनुरोध के अनुक्रम में उपर्युक्त कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 16-12-2005 द्वारा श्री बाल कृष्ण का गृह जनपद-अलीगढ़ के स्थान पर जनपद-महामायानगर (हाथरस) किया गया है। अतएव इस सम्बन्ध में सम्बन्धित अभिलेखों से पुष्टि होने के फलस्वरूप श्री बाल कृष्ण का गृह जनपद-महामायानगर (हाथरस) जो वर्तमान में हाथरस हो गया है, तद्नुसार संशोधन कर दिया गया है।

(10) श्री त्रियुगी नारायण सिंह द्वारा श्री अभय शंकर सिंह की जन्म तिथि 10-5-1957 के स्थान पर 5-10-1957 अंकित होने, श्री दबीरूद्दीन की प्रथम नियुक्ति की तिथि 27-7-2005 अंकित होने तथा क्रमांक-242 पर श्री राज कुमार श्रीवास्तव का नाम अंकित होने का उल्लेख किया गया है, जबकि मूल सूची में इनका नाम सम्मिलित नहीं है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

इस संबंध में स्पष्ट किया जाना है कि टंकण त्रुटि के फलस्वरूप श्री अभय शंकर सिंह की जन्म तिथि 10-5-1957 के स्थान पर 5-10-1957 हो गयी थी, जिसे निदेशालय द्वारा उपलब्ध कराये गये सेवा विवरण के आधार पर संशोधन करते हुये श्री अभय शंकर की जन्म तिथि 10-5-1957 कर दी गयी है। श्री दबीरूद्दीन की प्रथम नियुक्ति की तिथि लिपिकीय त्रुटिवश 27-7-2005 अंकित हो थी, जबकि इनकी प्रथम नियुक्ति की वास्तविक तिथि 12-6-1985 है, इसे श्री दवीरूद्दीन की नियुक्ति से सम्बन्धित आदेश के आधार पर सुधार कर ठीक कर दिया गया है। क्रमांक-242 पर श्री राज कुमार श्रीवास्तव नहीं अपितु श्री राम कुमार श्रीवास्तव के नाम का उल्लेख है, जिनके प्रथम नियुक्ति की तिथि 12-6-1985 है एवं इनका नियमितीकरण दिनांक 27-7-2005 को रिट याचिका संख्या-8575(एस/बी)/93 में पारित निर्णय के आधार पर किया गया है। इस प्रकार श्री राम कुमार श्रीवास्तव को प्रथम नियुक्ति की तिथि के अनुसार यथा स्थान रखा गया है।

(11) श्री एस0ए0एच0 रिजवी एवं श्री त्रियुगी नारायण सिंह द्वारा जिनकी प्रथम नियुक्ति विश्व बैंक ग्रामीण गोदाम परियोजना में हुई थी और बाद में इनका समायोजन ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में हुआ, द्वारा अपने पैतृक विभाग में प्रारम्भ की गयी प्रथम नियुक्ति की तिथि से ज्येष्ठता प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है।

इस संबंध में उल्लेख किया जाना है कि ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के सहायक अभियंताओं की पूर्व में निर्गत ज्येष्ठता सूची दिनांक 14-12-2001 में इस प्रकार की आपत्तियों का निस्तारण करते हुए यह मत अवधारित किया गया था कि यदि "यदि कोई सरकारी सेवक सेवा स्थानांतरण/प्रतिनियुक्ति के आधार पर किसी विभाग से आता है और उसका संविलियन उस विभाग में कर लिया जाता है, तब उसे संविलियन के दिनांक, जब उसने सहायक अभियंता संवर्ग की सदस्यता ग्रहण की, से वरिष्ठता निर्धारित की जायेगी और उसकी पूर्व सेवाओं का लाभ वरिष्ठता निर्धारण के लिए नहीं बल्कि पेंशन तथा अन्य सुविधाओं के लिए, उसे यह लाभ सी0एस0आर0 के सुसंगत प्राविधानों के अनुरूप देय होगा।"

इस प्रकार पूर्व की भॉति ऐसे अभियन्ताओं को ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में समायोजन के उपरान्त की गयी नियुक्ति की तिथि से ज्येष्ठता सूची में स्थान दिया गया है।

(12) श्री राजेश चन्द्र श्रीवास्तव द्वारा जिनकी प्रथम नियुक्ति लोक सेवा आयोग से चयनोपरान्त लघु सिंचाई विभाग, उ0प्र0 शासन के आदेश दिनांक 29-4-1976 द्वारा सहायक अभियंता, लघु सिंचाई के पद पर किया गया था और जिनका संविलियन ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में आदेश दिनांक 31-8-1981 द्वारा किया गया था द्वारा अपने पैतृक विभाग में प्रारम्भ की गयी प्रथम नियुक्ति की तिथि से ज्येष्ठता प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है।

इस संबंध में उल्लेख किया जाना है कि ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के सहायक अभियंताओं की पूर्व में निर्गत ज्येष्ठता सूची दिनांक 14-12-2001 में इस प्रकार की आपत्तियों का निस्तारण करते हुए यह मत अवधारित किया गया था कि यदि "यदि कोई सरकारी सेवक सेवा स्थानांतरण/प्रतिनियुक्ति के आधार पर किसी विभाग से आता है और उसका संविलियन उस विभाग में कर लिया जाता है, तब उसे संविलियन के दिनांक, जब

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

उसने सहायक अभियंता संवर्ग की सदस्यता ग्रहण की, से वरिष्ठता निर्धारित की जायेगी और उसकी पूर्व सेवाओं का लाभ वरिष्ठता निर्धारण के लिए नहीं बल्कि पेंशन तथा अन्य सुविधाओं के लिए, उसे यह लाभ सी0एस0आर0 के सुसंगत प्राविधानों के अनुरूप देय होगा।"

इस प्रकार पूर्व की भाँति ऐसे अभियन्ताओं को ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में समायोजन के उपरान्त की गयी नियुक्ति की तिथि से ज्येष्ठता सूची में स्थान दिया गया है।

(13) श्री जितेन्द्र कुमार सिंह एवं श्री प्रकाश चन्द्र जैन द्वारा अपनी आपत्ति में मुख्य रूप से यह उल्लेख किया गया है कि याची श्री नरेन्द्र कुमार त्रिपाठी के साथ ही शासन के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 12-6-1985 द्वारा इन्हें तदर्थ रूप से सहायक अभियंता के पद पर नियुक्त किया गया था। इस नियुक्ति आदेश के क्रम संख्या-32 पर याची श्री नरेन्द्र कुमार त्रिपाठी एवं इन दोनों के नाम क्रमश: क्रमांक-38 एवं 40 पर उल्लिखित है। नियुक्ति आदेश दिनांक 12-6-1985 से दिनांक 19-9-1995 तक 10 वर्ष से अधिक अवधि तक ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में सेवा पूर्ण करने के उपरान्त इनके द्वारा मण्डी परिषद में योगदान किया गया था तथा दिनांक 19-9-1995 को इनका संविलियन/ नियुक्ति मण्डी परिषद में उप निदेशक, (निर्माण) के पद पर हो गया था। मा0 उच्चतम न्यायालय के निर्णय दिनांक 7-4-2015 के अनुपालन में तदर्थ रूप से की गयी सेवा के आधार पर ज्येष्ठता निर्धारित किये जाने एवं पेंशन के अतिरिक्त समस्त हित लाभ नोशनल रूप से प्रदान किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इनके द्वारा दिनांक 31-12-2015 को निर्गत अनन्तिम ज्येष्ठता सूची में सम्मिलित करते हुए आपत्ति आमंत्रित नहीं किये जाने का उल्लेख किया गया है तथा याची श्री एन0के0 त्रिपाठी के साथ ही विभाग में तदर्थ रूप से नियुक्त होने के कारण अन्तिम ज्येष्ठता सूची में सम्मिलित करते हुए ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में प्रथम नियुक्ति की तिथि 12-6-1985 से नियमानुसार समस्त वांछित/देय सेवा लाभ प्रदान किये जाने हेतु निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ/निदेशक, राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, लखनऊ को अवगत कराये जाने का अनुरोध किया गया है।

इस सम्बन्ध में उल्लेख किया जाना है कि उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार श्री जितेन्द्र कुमार सिंह एवं श्री प्रकाश चन्द्र जैन याची श्री नरेन्द्र कुमार त्रिपाठी के साथ ही शासन के आदेश दिनांक 12-6-1985 द्वारा ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में सहायक अभियंता के पद पर तदर्थ रूप से नियुक्त हुए थे, परन्तु इनके द्वारा उल्लिखित तथ्यों के अनुसार 10 वर्ष से अधिक की सेवा ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में पूर्ण करने के उपरान्त इनका संविलियन दिनांक 19-9-95 को मण्डी परिषद में हो गया था। इस प्रकार अन्य विभाग में संविलियन हो जाने के कारण इन्हें पूर्व निर्गत ज्येष्ठता सूची दिनांक 14-12-2001 में सम्मिलित नहीं किया गया था और इसी आधार पर इन्हें दिनांक 31-12-2015 को निर्गत अनन्तिम ज्येष्ठता सूची में भी सम्मिलित नहीं किया गया है। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग से अन्य विभाग में संविलियन हो जाने के कारण इनके द्वारा ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में पूर्व में की गयी सेवाओं का लाभ वरिष्ठता निर्धारण के लिए नहीं

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

बल्कि पेंशन के अतिरिक्त तथा अन्य सुविधाओं के लिए सी0एस0आर0 के सुसंगत प्राविधानों एवं अन्य प्रचलित नियमों के अनुरूप देय होगा।

(14) श्री अरविन्द कुमार एवं श्री हबीबुल्लाह द्वारा अपनी आपत्ति में मुख्य रूप से यह उल्लेख किया गया है कि दिनांक 31-12-2015 को निर्गत अनन्तिम ज्येष्ठता सूची के क्रमांक-452 एवं 453 पर अंकित क्रमश: श्री अरूण कुमार वर्मा एवं श्री नूर आलम, सहायक अभियंताओं की नियमित नियुक्ति की तिथि 16-2-2016 दर्शायी गयी है, जबकि उनके नियमित नियुक्ति की तिथि 16-2-2015 होने के बाद भी उन्हें अन्तिम ज्येष्ठता सूची के क्रमांक-454, 455 एवं 458 अर्थात क्रमांक-452 एवं 453 के नीचे रखा गया है।

इस संबंध में उल्लेख किया जाना है कि उ0प्र0 सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली 1991 के नियम-5 में यह प्राविधान किया गया है कि "जहॉ सेवा नियमावली के अनुसार नियुक्तियां केवल सीधी भर्ती द्वारा की जानी हों, वहां किसी एक चयन के परिणाम स्वरूप नियुक्त किये गये व्यक्तियों की परस्पर ज्येष्ठता वही होगी, जो यथा स्थिति, आयोग या समिति द्वारा तैयार की गयी योग्यता सूची में दिखायी गयी है।" अत: नियुक्ति की तिथि पहले की होने के बावजूद लोक सेवा आयोग द्वारा तैयार की गयी ज्येष्ठता सूची के अनुसार नाम ऊपर होने के कारण श्री अरूण कुमार वर्मा एवं श्री नूर आलम को ज्येष्ठता सूची में आपत्तिकर्ताओं से ऊपर रखा गया है, जो सुसंगत नियमो के अधीन है।

श्री अरविन्द कुमार (ज्येष्ठता क्रमांक-454) द्वारा अपनी शैक्षिक योग्यता बी0ई0 सिविल के स्थान पर बी0टेक0 सिविल किये जाने का अनुरोध किया गया है, जिसे स्वीकार करते हुए ज्येष्ठता सूची में यथावश्यक संशोधन कर दिया गया है।

(15) श्री अजय सिंघल एवं श्री राम चन्द्र शुक्ल आदि द्वारा श्री अभय शंकर को ज्येष्ठता सूची के क्रमांक-183 पर रखे जाने के संबंध में आपत्ति की गयी है।

इस संबंध में उल्लेख किया जाना है कि श्री अभय शंकर सिंह को रिट याचिका संख्या-1302(एस/एस)/2003 के अन्तरिम आदेश दिनांक 03-3-2003 के अनुपालन में विभागीय चयन समिति की संस्तुति के आधार पर कार्यालय ज्ञाप दिनांक 25-8-2003 द्वारा सहायक अभियंता के पद पर दिनांक 21-12-1984 से तदर्थ पदोन्नति, उक्त रिट पिटीशन में होने वाले अन्तिम निर्णय के अधीन की गयी थी एवं आदेश दिनांक 09-10-2006 द्वारा विनियमितीकरण समिति की संस्तुति के आधार पर दिनांक 17-6-92 से उक्त रिट पिटीशन में होने वाले अन्तिम निर्णय के अधीन विनियमित किया गया। मा0 उच्च न्यायालय द्वारा उक्त रिट याचिका दिनांक 12-10-2007 को निरस्त कर दिये जाने के कारण आदेश दिनांक 25-4-2010 द्वारा श्री सिंह को अवर अभियंता के पद पर प्रत्यावर्तित कर दिया गया। पुन: श्री अभय शंकर सिंह द्वारा योजित रिट याचिका सं0-588(एस/बी)/2010 के अन्तरिम आदेश दिनांक 11-5-2010 द्वारा शासन के उक्त आदेश दिनांक 25-4-2010 को स्थगित कर दिया गया। फलस्वरूप शासन के आदेश दिनांक 13-8-2010 द्वारा श्री अभय शंकर सिंह को पुन: 25-4-2010 से सहायक अभियंता के पद पर रिट याचिका संख्या-588(एस/बी)/2010 में पारित होने वाले अन्तिम निर्णय के अधीन तैनात किया गया। इस प्रकार श्री अभय शंकर सिंह को सहायक अभियंता के पद

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

पर तदर्थ रूप से पदोन्नति की तिथि 21-12-84 से ज्येष्ठता सूची में स्थान दिया गया है।

(16) ज्येष्ठता सूची के क्रमांक-285, 286, 287 एवं 288 पर उल्लिखित क्रमश: श्री आनन्द कृष्ण शुक्ल (से0नि0), श्री मदन पाल सिंह (से0नि0), श्री एस0ए0एच0 रिजवी एवं श्री अजय आर्या (से0नि0) के सेवा संबंधी अभिलेखों के परीक्षणोपरान्त उनकी शैक्षिक योग्यता बी0ई0 सिविल के स्थान पर डिप्लोमा सिविल पाये जाने की स्थिति में यथास्थान आवश्यक संशोधन कर दिया गया है।

(17) **श्री रविकान्त वर्मा,** (ज्येष्ठता क्रमांक-295) सहायक अभियंता द्वारा अपनी शैक्षिक योग्यता बी0टेक0 सिविल के स्थान पर बी0ई0 सिविल किये जाने का अनुरोध किया गया है, परन्तु साक्ष्य के रूप में कोई अभिलेख संलग्न नहीं किया गया है। वर्णित स्थिति में प्रमाणित साक्ष्य/अभिलेख के अभाव में शैक्षिक योग्यता में संशोधन किया जाना सम्भव नहीं है।

(18) श्री मुनेश कुमार लोधी, (ज्येष्ठता क्रमांक-457) सहायक अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग एवं श्री श्रीकृष्ण जायसवाल (ज्येष्ठता क्रमांक-455) सहायक अभियंता द्वारा अपनी शैक्षिक योग्यता बी0ई0 सिविल के स्थान पर बी0टेक0 सिविल किये जाने तथा कुँ0 सुरेन्द्र प्रताप, (ज्येष्ठता क्रमांक-456) द्वारा अपना नाम कुँ0 सुरेन्द्र प्रताप सिंह के स्थान पर कुँ0 सुरेन्द्र प्रताप एवं शैक्षिक योग्यता बी0ई0 सिविल के स्थान पर बी0टेक सिविल किये जाने का अनुरोध किया गया है, जिसे सहायक अभियंता के पद पर चयन हेतु लोक सेवा आयोग, उ0प्र0 इलाहाबाद को प्रस्तुत किये गये आवेदन पत्र एवं उनके चयन से सम्बन्धित श्रेष्ठता सूची के परीक्षणोपरान्त प्रस्तुत की गयी आपत्ति की पुष्टि होने के फलस्वरूप श्री मुरेश कुमार लोधी, श्री कृष्ण जायसवाल एवं श्री कुँ0 सुरेन्द्र प्रताप की शैक्षिक योग्यता से सम्बन्धित कालम में बी0ई0 सिविल के स्थान पर बी0टेक सिविल तथा श्री कुँ0 सुरेन्द्र प्रताप का नाम श्री कुँ0 सुरेन्द्र प्रताप सिंह के स्थान पर श्री कुँ0 सुरेन्द्र प्रताप कर दिया गया है।

(19) श्री बृजेश कुमार दुबे, अधिशासी अभियंता, प्रभारी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, परिमण्डल-मेरठ द्वारा पत्र दिनांक 16-3-2016 के माध्यम से दिनांक 12-01-2016, दिनांक 11-2-2016 एवं इसके अतिरिक्त दिनांक 21-01-2016 को लोक सेवा आयोग के समस्त सहायक अभियंताओं के साथ प्रस्तुत की गयी आपत्ति का संदर्भ देते हुये अपने पूर्व प्रेषित प्रत्यावेदन के कुछ बिन्दुओं पर मिल कर विस्तृत रूप से अवगत कराये जाने का अनुरोध किया गया है।

इस सम्बन्ध में उल्लेख किया जाना है कि मा0 उच्चतम न्यायालय के आदेश दिनांक 07-4-2015 के समादर में समस्त प्रभावी पक्षों की आपत्तियाँ प्राप्त कर सम्यक् रूप से निस्तारण किया जा रहा है। इसी क्रम में श्री बृजेश कुमार दुबे द्वारा शासन को उपलब्ध करायी गयी समस्त आपत्तियों का सम्यक् रूप से निस्तारण उनके समान ही प्राप्त अन्य आपत्तियों के साथ उपर्युक्त संगत प्रस्तरों में कर दिया गया है। उ0प्र0 सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली-1991 में व्यक्तिगत रूप से मिल कर विस्तृत रूप से अवगत कराये जाने का कोई प्राविधान नहीं है। अत: इस बिन्दु पर श्री बृजेश कुमार दुबे द्वारा किया गया अनुरोध स्वीकार योग्य नहीं है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

(20) कार्यालय निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा ज्येष्ठता सूची के क्रमांक-383 पर उल्लिखित श्री राम चन्द्र पाण्डेय (सेवानिवृत्त) की जन्म तिथि 15-7-1956 के स्थान पर 07-8-1955 तथा गृह जनपद-सुलतानपुर के स्थान पर वाराणसी किये जाने हेतु उपलब्ध कराये गये अभिलेखों के परीक्षणोपरान्त अनन्तिम ज्येष्ठता सूची में यथास्थान आवश्यक संशोधन कर दिया गया है।

(21) जहॉ तक श्री एस0के0 त्रिपाठी, सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता, श्री जवाहर सिंह एवं श्री गुलाम रसूल द्वारा अनन्तिम ज्येष्ठता सूची में अंकित अपनी जन्मतिथि में संशोधन किये जाने का प्रश्न है, स्पष्ट करना है कि जन्मतिथि में संशोधन का प्रकरण उ0प्र0 सेवा में भर्ती (जन्म दिनांक का अवधारणा), नियमावली-1974 से आच्छादित होता है। सम्बन्धित सरकारी सेवक द्वारा उचित माध्यम से प्रस्तुत आवेदन प्राप्त होने के पश्चात सम्बन्धित शैक्षिक/शासकीय अभिलेखों से पुष्टि होने के पश्चात ही इस सम्बन्ध में सक्षम स्तर से पृथक से निर्णय लेकर सुसंगत शासकीय आदेश जारी किये जाने पर विचार किया जाना सम्भव है अभी इस प्रक्रम पर उसे विचार क्षेत्र में लिया जाना सम्भव नहीं है।

(22) श्री राजेन्द्र सिंह, सहायक अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, जनपद-मुजफ्फरनगर द्वारा अपना गृह जनपद-अलीगढ़ के स्थान पर मेरठ किये जाने का अनुरोध किया गया है।

इस सम्बन्ध में स्पष्ट किया जाना है कि किसी सरकारी सेवक के गृह जनपद को परिवर्तित करने का मामले एक पृथक प्रकरण है तथा इस सम्बन्ध में सरकारी सेवक द्वारा आवेदन देने के पश्चात उसके गृह जनपद से सम्बन्धित जिला प्रशासन की रिपोर्ट तथा मैनुअल आफ गवर्नमेन्ट आर्डर के सुसंगत पैरा के आलोक में परीक्षण करने के पश्चात सक्षम स्तर से सुसंगत आदेश निर्गत किया जाना सम्भव है। अभी इस प्रकरण पर गृह जनपद में परिवर्तन के मामले को विचार क्षेत्र में लिया जाना सम्भव नहीं है।

18- अस्तु श्री राज्यपाल अनन्तिम ज्येष्ठता सूची दिनांक 31-12-2015 के विरूद्ध प्राप्त उपरोक्त समस्त आपत्तियों का उपरोक्तानुसार निस्तारण करते हुए संलग्नक के अनुसार ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के सहायक अभियंता (सिविल) संवर्ग की अन्तिम पारस्परिक ज्येष्ठता सूची एतद्द्वारा सभी संबंधित के उपयोगार्थ निर्गत करने के आदेश प्रदान करते हैं।

<u>संलग्नक:-</u> **<u>यथोक्त (सूची संलग्न)</u>**

(अजय कुमार सिंह)
सचिव।

<u>संख्या-12/2016/966(1)/92-1-2016, तद्दिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- सचिव, लोक सेवा आयोग, उ0प्र0, इलाहाबाद।

2- निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ को अतिरिक्त प्रतियों के साथ इस निर्देश के साथ प्रेषित कि इस सूची में सम्मिलित सभी अधिकारियों

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

को संलग्नक सहित इस कार्यालय ज्ञाप की एक-एक प्रति उन्हें उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

3- समस्त सम्बन्धित अधिकारीगण द्वारा निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।

4- निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि इस कार्यालय-ज्ञाप को संलग्न ज्येष्ठता सूची सहित विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

5- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(शिशिर कुमार यादव)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 के सहायक अभियंता (सिविल) संवर्ग की अन्तिम ज्येष्ठता सूची विषयक कार्यालय-ज्ञाप संख्या-12/2016/966 /92-1-2016-98डब्लू/2001, दिनांक 22 /03/2016 का संलग्नक।

ज्येष्ठता क्रमांक	अधिकारी का नाम	गृह जनपद	जन्म तिथि	शैक्षिक योग्यता	श्रेणी	तदर्थ/मौलिक नियुक्ति की तिथि			भर्ती का स्रोत
						प्रथम नियुक्ति आदेश सं	सहा0अभि0 के पद पर प्रथम नियुक्ति आदेश दिनांक	नियमित नियुक्ति की तिथि	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	सलाहउद्दीन (से0नि0)	आजमगढ़	05-07-1948	बी0ई0सिविल	सामान्य	3191	19-07-1972	31-08-1979	सीधी भर्ती, लो0 से0 आयोग
2	बृजनन्दन तिवारी (अनि0 से0नि0)	इलाहाबाद	09-07-1945	बी0ई0सिविल	सामान्य	3191	19-07-1972	31-08-1979	सीधी भर्ती, लो0 से0 आयोग
3	प्रेम शंकर पाण्डेय (से0नि0)	कानपुर	07-11-1945	एम0टेक0 सिविल	सामान्य	4336	04-09-1972	31-08-1979	सीधी भर्ती, लो0 से0 आयोग
4	सतीश कुमार बजाज (से0नि0)	दिल्ली	20-04-1949	बी0ई0सिविल	सामान्य	4337	06-09-1972	31-08-1979	सीधी भर्ती, लो0 से0 आयोग
5	अवधबिहारीलाल संगल (अनि0 से0नि0)	मुजफ्फरनगर	19-04-1946	बी0ई0सिविल	सामान्य	4337	06-09-1972	28-04-1981	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
6	कपिल देव गिरि (अनि0 से0नि0)	रोहतास (बिहार)	30-01-1948	बी0ई0सिविल	पिछड़ी जा0	4337	06-09-1972	31-08-1979	सीधी भर्ती, लो0 से0 आयोग
7	वरुण कुमार भट्टाचार्य (से0नि0)	वर्द्धमान (पं0बंगाल)	02-08-1948	बी0ई0सिविल	सामान्य	4337	06-09-1972	31-08-1979	सीधी भर्ती, लो0 से0 आयोग
8	राज किशोर गोयल (अनि0 से0नि0)	मेरठ	21-01-1949	बी0ई0सिविल	सामान्य	4581	03-10-1972	31-08-1979	सीधी भर्ती, लो0 से0 आयोग
9	के0 एल0 ज्ञानचन्दानी (से0नि0)	दिल्ली	05-07-1949	बी0ई0सिविल	सामान्य	4581	03-10-1972	08-04-1981	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
10	मो0 शरीफ खां (से0नि0)	रामपुर	20-08-1945	बी0एस0सी0 इंजी0 सिविल	सामान्य	4581	03-10-1972	08-04-1981	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
11	चन्द्रिका प्रसाद तिवारी (से0नि0)	पूर्वी चंपारन (बिहार)	15-01-1948	बी0ई0सिविल	सामान्य	4581	03-10-1972	31-08-1979	सीधी भर्ती, लो0 से0 आयोग
12	विजय कुमार जैन (अनि0 से0नि0)	देहरादून	05-01-1946	बी0ई0सिविल	सामान्य	4581	03-10-1972	31-08-1979	सीधी भर्ती, लो0 से0 आयोग
13	शिशिर कुमार सिंह (मृतक)	पटना,बिहार	08-04-1949	बी0ई0सिविल	सामान्य	4581	03-10-1972	08-04-1981	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
14	प्रमोद कुमार बंसल (से0नि0)	आगरा	15-06-1950	बी0ई0सिविल	सामान्य	6113	28-10-1972	07-03-1983	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
15	कृष्ण चन्द्र पाण्डेय (से0नि0)	फर्रूखाबाद	01-09-1936	डिप0इं0सिविल	सामान्य	7422	22-11-1972	17-06-1992	पदोन्नति, संविलियन
16	राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा (से0नि0)	आजमगढ़	14-07-1934	डिप0इं0सिविल	सामान्य	7422	22-11-1972	17-06-1992	पदोन्नति, संविलियन
17	तुलसीराम यादव (से0नि0)	सीतापुर	01-07-1936	डिप0इं0सिविल	पिछड़ी जा0	7422	22-11-1972	17-06-1992	पदोन्नति, संविलियन
18	ओम प्रकाश पाण्डेय (से0नि0)	बाराबंकी	30-10-1936	डिप0इं0सिविल	सामान्य	7422	22-11-1972	17-06-1992	पदोन्नति, संविलियन
19	जनार्दन दत्त पाण्डेय (से0नि0)	गोरखपुर	14-08-1936	डिप0इं0सिविल	सामान्य	7422	22-11-1972	17-06-1992	पदोन्नति, संविलियन
20	मनमोहन सहाय पाण्डेय (से0नि0)	बरेली	30-07-1935	डिप0इं0सिविल	सामान्य	7422	22-11-1972	17-06-1992	पदोन्नति, संविलियन

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

21	अब्दुल वाहिद (से0नि0)	बलिया	01-12-1941	डिप0इं0सिविल	सामान्य	7422	22-11-1972	17-06-1992	पदोन्नति, संविलियन
22	सतीश कुमार शर्मा (से0नि0)	बिजनौर	02-02-1950	बी0एस0सी0 इंजी0 सिविल	सामान्य	5831	04-12-1972	08-04-1981	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
23	राजीव प्रकाश बिड़ला (से0नि0)	एटा	10-09-1947	बी0ई0सिविल	सामान्य	5831	04-12-1972	31-08-1979	सीधी भर्ती, लो0 से0 आयोग
24	बृजभूषण सिंह (से0नि0)	आगरा	15-07-1945	बी0ई0सिविल	सामान्य	5831	04-12-1972	08-04-1981	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
25	अफाक अहमद (से0नि0)	मेरठ	18-08-1945	बी0एस0सी0 इंजी0 सिविल	सामान्य	5831	04-12-1972	08-04-1981	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
26	नन्द कुमार (से0नि0)	गोरखपुर	01-07-1947	बी0ई0सिविल	सामान्य	5831	04-12-1972	31-08-1979	सीधी भर्ती, लो0 से0 आयोग
27	सूर्यदेव शर्मा (से0नि0)	पटना,बिहार	01-01-1947	बी0ई0सिविल	सामान्य	5831	04-12-1972	08-04-1981	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
28	राजेन्द्र यादव (से0नि0)	मधुबनी,बिहार	01-01-1949	बी0ई0सिविल	पिछड़ी जा0	5831	04-12-1972	08-04-1981	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
29	सन्तोष राय (से0नि0)	वाराणसी	15-09-1947	बी0ई0सिविल	सामान्य	5831	04-12-1972	07-03-1983	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
30	शिव दयाल सिंह (से0नि0)	रोहतास,बिहार	03-07-1948	बी0ई0सिविल	सामान्य	5831	04-12-1972	20-06-1984	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
31	बृजेन्द्र कुमार गुप्ता (से0नि0)	वाराणसी	01-07-1947	बी0ई0सिविल	सामान्य	8797	29-12-1972	08-04-1981	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
32	प्रभात कुमार सिंह (से0नि0)	भागलपुर ,बिहार	23-12-1949	बी0ई0सिविल	सामान्य	8797	29-12-1972	31-08-1979	सीधी भर्ती, लो0 से0 आयोग
33	सुभाष सिंह (से0नि0)	आजमगढ़	28-06-1948	बी0ई0सिविल	सामान्य	8797	29-12-1972	08-04-1981	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
34	ओम प्रकाश कपूर (से0नि0)	कानपुर	05-02-1945	बी0ई0सिविल	सामान्य	8797	29-12-1972	08-04-1981	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
35	मो0 हुसैन रहमानी (से0नि0)	मुंगेर,बिहार	04-01-1948	बी0ई0सिविल	सामान्य	8797	29-12-1972	07-03-1983	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
36	सत्येन्द्र सिंह गंगवार (से0नि0)	फर्रुखाबाद	10-06-1948	बी0ई0सिविल	पिछड़ी जा0	209	20-01-1973	31-08-1979	सीधी भर्ती, लो0 से0 आयोग
37	प्रकाश आर्या (से0नि0)	आगरा	30-01-1945	बी0ई0सिविल	सामान्य	209	20-01-1973	08-04-1981	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
38	नरेश कुमार अग्रवाल (से0नि0)	मुजफ्फरनगर	02-11-1946	बी0ई0सिविल	सामान्य	209	20-01-1973	31-08-1979	सीधी भर्ती, लो0 से0 आयोग
39	दुष्यन्त वीर सिंह (से0नि0)	अलीगढ़	05-08-1951	बी0ई0सिविल	सामान्य	209	20-01-1973	31-08-1979	सीधी भर्ती, लो0 से0 आयोग
40	चिरकुटिया बर्डे (से0नि0)	बेतूल,म0 प्र०	16-05-1947	बी0ई0सिविल	सामान्य	557	05-02-1973	31-08-1979	सीधी भर्ती, लो0 से0 आयोग
41	जगत नारायण तिवारी (से0नि0)	बलिया	31-01-1949	बी0ई0सिविल	सामान्य	557	05-02-1973	31-08-1979	सीधी भर्ती, लो0 से0 आयोग
42	राज नारायण तिवारी (से0नि0)	मुजफ्फरपुर ,बिहार	15-06-1949	बी0ई0सिविल	सामान्य	557	05-02-1973	31-08-1979	सीधी भर्ती, लो0 से0 आयोग
43	मो0 जहरूल हसन (से0नि0)	सहरसा,बिहार	22-07-1946	बी0एस0सी0 इंजी0 सिविल	सामान्य	557	05-02-1973	08-04-1981	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
44	प्रभुलाल भण्डारी (से0नि0)	कोटा ,राज0	10-09-1946	बी0ई0सिविल	सामान्य	557	05-02-1973	08-04-1981	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
45	गोपाल सिंह विष्ट (से0नि0)	अल्मोड़ा	19-04-1939	डिप0इं0सिविल	सामान्य	1180	21-03-1973	17-06-1992	पदोन्नति, विनियमितीकरण

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

46	मुश्ताक अहमद अंसारी (से0नि0)	पटना,बिहार	20-07-1949	बी0ई0सिविल	पिछड़ी जा0	1744	22-03-1973	31-08-1979	सीधी भर्ती, लो0 से0 आयोग
47	एम0 के0 भार्गव (से0नि0)	ग्वालियर, म0प्र0	06-08-1950	बी0ई0सिविल	सामान्य	1744	22-03-1973	08-04-1981	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
48	मदन मोहन श्रीवास्तव	गोरखपुर	01-06-1956	बी0ई0सिविल	सामान्य	9340	12-01-1979	25-10-1983	सीधी भर्ती, लो0 सेवा आयोग
49	विजय नारायण सिंह (से0नि0)	जौनपुर	03-01-1953	एम0टेक0 सिविल	सामान्य	9340	12-01-1979	13-09-1984	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
50	चन्द्र भूषण पाण्डेय (से0नि0)	बलिया	01-07-1955	बी0ई0सिविल	सामान्य	9340	12-01-1979	10-08-1983	सीधी भर्ती, लो0 से0 आयोग
51	महमूद इलाही (से0नि0)	वाराणसी	30-06-1955	एम0टेक0 सिविल	सामान्य	9340	12-01-1979	11-06-1984	सीधी भर्ती, लो0 से0 आयोग
52	पृथ्वी राज राय (से0नि0)	गोरखपुर	03-12-1953	बी0ई0सिविल	सामान्य	2908	06-04-1979	13-06-1984	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
53	बलराम केसरी (से0नि0)	इलाहाबाद	15-10-1953	बी0टेक0 सिविल	सामान्य	2908	06-04-1979	13-06-1984	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
54	अशोक कुमार द्विवेदी (से0नि0)	ग्वालियर , म0प्र0	12-04-1955	बी0ई0सिविल	सामान्य	2908	06-04-1979	14-12-1989	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
55	सदरुद्दीन (से0नि0)	आजमगढ़	31-07-1953	बी0ई0सिविल	सामान्य	2908	06-04-1979	23-08-1986	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
56	राजेन्द्र प्रसाद शाक्य (से0नि0)	इटावा	20-12-1951	बी0टेक0 सिविल	पिछड़ी जा0	2908	06-04-1979	31-08-1979	सीधी भर्ती, लो0 से0 आयोग
57	रवीन्द्र कुमार (स्वै0 से0नि0)	बुलन्दशहर	03-11-1953	बी0ई0सिविल	सामान्य	2908	06-04-1979	12-07-2005	सीधी भर्ती] विनियमितीकरण
58	चन्दन लाल (से0नि0)	गोरखपुर	01-07-1952	बी0ई0सिविल	सामान्य	6157	31-08-1979	13-06-1984	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
59	आनन्द राजा (से0नि0)	बलिया	08-02-1954	बी0ई0सिविल	सामान्य	6157	31-08-1979	25-11-1988	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
60	मंजूर अहमद (से0नि0)	सिद्धार्थनगर	15-07-1954	बी0एस0सी0 इंजी0 सिविल	सामान्य	6157	31-08-1979	13-06-1984	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
61	प्रदीप कुमार गुप्ता (से0नि0)	मुरादाबाद	15-03-1954	बी0ई0सिविल	सामान्य	6157	31-08-1979	13-06-1984	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
62	माधव सक्सेना (से0नि0)	लखनऊ	12-11-1955	बी0एस0सी0 इंजी0 सिविल	सामान्य	6157	31-08-1979	13-06-1984	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
63	सतीश कुमार त्रिपाठी (से0नि0)	कानपुर	13-01-1953	बी0ई0सिविल	सामान्य	6157	31-08-1979	13-06-1984	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
64	उमेश चन्द्र राय (मृतक)	रायबरेली	05-01-1953	बी0ई0सिविल	सामान्य	6157	31-08-1979	13-06-1984	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
65	महेश्वर सिंह (से0नि0)	सहारनपुर	03-06-1954	बी0ई0सिविल	सामान्य	6157	31-08-1979	13-06-1984	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
66	दिलीप कुमार वर्मा (से0नि0)	जौनपुर	15-08-1954	बी0ई0सिविल	सामान्य	6592	31-08-1979	31-08-1979	सीधी भर्ती, लो0 से0 आयोग
67	चन्द्र मोहन (से0नि0)	देवरिया	19-05-1954	बी0ई0सिविल	सामान्य	6592	31-08-1979	31-08-1979	सीधी भर्ती, लो0 से0 आयोग
68	अरुण कुमार अग्रवाल	देहरादून	02-06-1957	बी0एस0सी0 इंजी0 सिविल	सामान्य	6592	31-08-1979	31-08-1979	सीधी भर्ती, लो0 से0 आयोग
69	कमलेश सिंह (से0नि0)	मिर्जापुर	09-05-1951	बी0एस0सी0 इंजी0 सिविल	सामान्य	6592	31-08-1979	31-08-1979	सीधी भर्ती, लो0से0 आयोग
70	नवल किशोर श्रीवास्तव (से0नि0)	गाजीपुर	15-07-1952	बी0टेक0 सिविल	सामान्य	####	05-01-1981	23-08-1986	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

71	वेंकट रमन (से0नि0)	जौनपुर	01-05-1951	बी0टेक0 सिविल	सामान्य	####	05-01-1981	23-08-1986	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
72	शिव पूजन सिंह (से0नि0)	वाराणसी	15-06-1950	बी0ई0सिविल	सामान्य	####	05-01-1981	23-08-1986	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
73	कृष्ण मुरारी दीक्षित (से0नि0)	वाराणसी	01-07-1951	बी0ई0सिविल	सामान्य	####	05-01-1981	23-08-1986	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
74	धीरेन्द्र सहाय (से0नि0)	वाराणसी	20-09-1955	एम0टेक0 सिविल	सामान्य	####	05-01-1981	10-08-1983	सीधी भर्ती, लो0 से0 आयोग
75	कैलाश नाथ पाठक (अनि0से0नि0)	आजमगढ़	10-06-1949	बी0ई0सिविल	सामान्य	####	05-01-1981	23-08-1986	सीधी भर्ती, विनियमितीकरण
